# उमावि में उच्च सुविधाओं के लिए मिले 25 करोड़

**प्रयोगशाला और परिसर का सौंदर्यीकरण होगा**

**विद्यार्थियों को बेहतर और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा**

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर/सुठालिया 06 फरवरी, सं. जिले के 2 विकासखण्डों में परीक्षा से पूर्व अच्छी खबर सामने आई है. आगामी शिक्षा सत्र के लिए यह महत्वपूर्ण खबर है. जिले में दोनों विकासखण्डों में मिलाकर करीब 25 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है.**

इस सौगात का राज्यमंत्रीद्वय गौतम टेटवाल और नारायण सिंह पंवार ने जानकारी साझा करते हुए बताया. इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है. विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा. स्वीकृत राशि से विद्यालय भवनों के सौंदर्यकरण, पुस्तकालयों, शौचालयों एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों के विकास कार्य किए जाएंगे. इससे न केवल विद्यार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि होगी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा.



**कूलर, ग्रीन बोर्ड, कैमरों से लैस होंगी शालाएं**

ब्यावरा स्थित शासकीय कन्या हा.से. स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला की संख्या, सिविल कार्य, कूलर, ग्रीन बोर्ड व कैमरा लगाए जाने हेतु 1 करोड़ 78 लाख 76 हजार रुपये, शासकीय हा.से. बालक स्कूल सुठालिया के लिए बाउण्ड्रीवॉल, मरम्मत कार्य, टॉयलेट निर्माण, एप्रोच सीसी रोड निर्माण हेतु 5 करोड़ 80 लाख 83 हजार रुपये तथा शासकीय कन्या हा.से. स्कूल सुठालिया में अतिरिक्त कक्ष, गेट, मरम्मत कार्य हेतु 2 करोड़ 32 लाख 36 हजार रुपये एवं शासकीय हा.से. स्कूल लखनवास में 7 अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत कार्य, टॉयलेट निर्माण के लिए 2 करोड़ 10 लाख 51 हजार रुपये स्वीकृत हुए है. उक्त राशि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा स्वीकृत की गई है.

### स्कूलों में कक्ष, प्रयोगशालाओं लिए13 करोड़ मिले

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 06 फरवरी, सं.** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण, प्रयोगशालाओं, बाउंड्रीवाल, गेट, टायलेट, रिपेयरिंग एवं अन्य आवश्यक कार्यो के लिए सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के सतत प्रयासों एवं सुझावों के परिणाम स्वरूप कुल 13.32 करोड़ (लगभग) की स्वीकृति प्रदान की गई है. वहीं विद्यार्थी तथा शिक्षक हेतु फर्नीचर इंटरैक्टिव पैनल की राशि के लिए 88.2 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है. वहीं स्वीकृत के बाद राज्यमंत्री टेटवाल ने बताया कि यह सभी कार्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, सुविधाजनक अधोसंरचना एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे. उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्रीजी एवं शिक्षा मंत्रीजी का हृदय से आभार व धन्यवाद जिन्होंने सारंगपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान कर रहे है.

## विद्युत से सुरक्षा के लिए सावधानियां जरूर बरतें

**बैतूल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण जनों को आग्रह किया है कि वे अपने खेत-खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा हेतु सावधानियां जरूर बरतें। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। यह दुर्घटनाएं कई बार जान-माल का नुकसान भी कर देती हैं। इनसे बचने के लिए ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कंपनी ने कहा है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें क्योंकि ऐसा करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। जरा भी असावधानी या छेडखानी से बडे-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है उन्हें आँधी तूफान या अन्य किसी कारण से टूटने वाले तारों को अकस्मात् छूने का प्रयास न करें।



# खनन माफियाओं ने किया खनिज टीम पर हमला

**खनिज अधिकारी की कोतवाली में लिखित शिकायत**

**पांच आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज**

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। शुक्रवार की दोपहर के समय खजिन विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ कुण्डेश्वर मार्ग पर स्थित मिनौरा में अवैध खनन की सूचना पर कार्यवाही करने पहुंचे। इसी दौरान इस टीम पर खनन माफियाओं ने हमला बोल दिया। खनिज अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पांच नाम दर्ज पर एफआईआर करके मामले को विवेचना में ले लिया है। वहीं खनिज विभाग की टीम पर ग्रामीणों से मारपीट के आरोप भी सामने आए हैं। हालांकि पुलिस ने खनिज अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर कर दी, तो वहीं ग्रामीणों की शिकायत को जांच में ले लिया है।**

जानकारी के मुताबिक खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन अपनी खनिज टीम के साथ अवैध मुरम एवं रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं। इसी तारतम्य में भी मिनौरा क्षेत्र में टीम कार्यवाही करने पहुंची थी। कार्यवाही के दौरान पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़वाने के लिए आरोपियों ने दबाव बनाया जब अधिकारी नहीं माने तो उन्होंने मारपीट की। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने कहा है कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास सुरक्षित है।

हालांकि मिनौरा निवासी आरोपी चंदू आदिवासी ने आरोप लगाया है कि खजिन अधिकारी एवं इंस्पेक्टर ने उसके साथ मारपीट की है। उसने बताया कि इसी कारण उसके सिर में चोट आई। दोपहर से लेकर देर शाम तक पुलिस मामले की तहकीकात में लगी रही।

**कर्मचारी को बचाने पीछे की ओर दौड़ाया वाहन**

एक वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि खनन माफियाओं ने खनिज विभाग के एक कर्मचारी को पकड़ लिया है और उससे मारपीट कर रहे हैं। इसी बचाने के लिए खनिज टीम भागने की जगह अपनी वाहन को पीछे की ओर दौड़ाती है और खनिज अधिकारी विपुल रावत चिल्लाते सुनाई पड़ते हैं, तो वहीं खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन बिना कुछ सोचे-समझे वाहन से कूंदकर अपने कर्मचारी की सुरक्षा के लिए पहुंच जाते हैं। इसे देख खनिज माफिया कुलदीप जैन को घेरकर ट्रैक्टर-ट्राली छुड़ाने की पूरी कोशिश करते हुए उन पर दबाव बनाते दिखाई देते हैं।

# नलजल योजना सफेद हाथी साबित हो रही

## पानी के लिए 40 लाख खर्च, नहीं मिला 1 बूंद पानी

नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 फरवरी, जनता के गाढ़ी कमाई का पैसा जो सरकार के पास जाता है उस सरकारी पैसों को कैसे बर्बाद किया जाता है इसकी बानगी देखनी हो तो शहर के नजदीक सौराई गांव में जाकर देखी जा सकती है.**



गांव वालों को घर में पानी की सुविधा देने का दावा करने वाली जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना के तहत गांव पानी की टंकी और घरों में नल कनेक्शन तो दे दिए लेकिन गांव के किसी भी घर में नल से जल नहीं पहुंचा इस काम में थोड़ा बहुत नहीं बल्कि करीब 40 लाख रुपए खर्च किए गए हैं.

गांव वालों के लिए नल जल योजना सफेद हाथी साबित हो रही है. वर्ष 2022-2023 में पीएचई विभाग ने गांव में सर्वेकर नल जल योजना की मंजूदी दी थी जिसके बाद गांव में पानी के लिए 3 बोर किए लेकिन पानी किसी भी बोर से नही निकला. गांव वालों ने बताया कि नल जल योजना को काफी समय पूरा कर दिया गया था. गांव वालों को गुमरहा करने के लिए सप्लाई की टेस्टिंग करने के लिए नदी का पानी इस्तेमाल किया गया. क्योंकि जो बोर कराए गए थे वह सभी फैल हो गए. जिस दिन पानी की सप्लाई की टेस्टिंग की गई थी उसके बाद पीएचई विभाग के अफसरों ने गांव की तरफ पलट कर नहीं देखा.

## नाबालिग के दुष्कर्मियों की तलाश जारी

**भेरूंदा.** दस वर्षीय अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी वारदात के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं. हालांकि पुलिस ने उनकी तलाश में दर- दर की खाक छान रही है. पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. गौरतलब है कि गत 4 फरवरी की सुबह डिमावर घाट के समीप माता- पिता के साथ रहने वाली 10 वर्षीय बालिका का बाइक सवार दो लोगों ने उस वक्त अपहरण कर लिया था जब वह लकड़ी लेने रेत स्टाक के पास गई थी. बदमाश उसे मेन रोड के पास खेत में ले गए और कैंची से उसके कपड़े काट दिए. इस दौरान बालिका बेहोश हो गई. इसके बाद नराधमियों ने मासूम के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.



# विधायक ने सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज, शुक्रवार को विधायक मुकेश टंडन के द्वारा ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में सामुदायिक भवन गुलाबगंज में जनसुनवाई का आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा विधायक मुकेश टंडन को अवगत करवाया गया.**

ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने पेयजल समस्या को देखते हुए जल्द ही जल निगम द्वारा लाइन डाली जाए इसके सम्बन्ध में आवेदन दिया गया साथ ही गुलरखेड़ी के सीमांकन में अनुभवी टीम के द्वारा सीमांकन हो इसकी मांग विधायक से की.

## एक नजर में



### हिंदू सम्मेलन को लेकर संघ की बैठक

**बीना.** आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन का आयोजन विश्व हिंदू परिषद द्वारा 8 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से जागेश्वरी मंदिर के पास किया जाएगा. नगर के सभी नागरिकों को इस आयोजन में सहभागिता के लिए पारंपरिक रूप से पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जा रहा है. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील सिरोठिया, उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह जस्सी, जिला मंत्री शिवम पाठक, मीडिया प्रभारी राकेश जैन शामिल रहे.



### शिविर में 753 बच्चों का किया टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में शुक्रवार को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 545 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 208 बच्चों का टीकाकरण किया गया.

### गजानन महाराज का प्रगट उत्सव आज से

**बैतूल।** समर्थ श्री गजानन महाराज का प्रगट दिनोत्सव आज शनिवार 7 फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि रात्रि 8-30 बजे से सुंदरकांड का पाठ और रविवार प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक श्री जी का महाभिषेक, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भजन कीर्तन, सामूहिक हवन, शाम 5 बजे से महाप्रसाद वितरण, रात्रि 8 बजे श्री जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कारपेंटर ट्रेड से हुए प्रशिक्षित

**विदिशा,** शास कीय आईटी आई विदिशा में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारपेंटर ट्रेड से छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था.आईटीआई प्राचार्या सुश्री कविता रघुवंशी ने बताया कि तीन फरवरी तक आयोजित किए गए प्रशिक्षण में दस उम्मीदवारो को कारपेंटर ट्रेड से प्रशिक्षित किया गया वहीं उन्हें स्वंय का रोजगार स्थापित करने के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई है। मास्टर ट्रेनर्स श्री प्रहलाद कुमार विश्वकर्मा के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया है.

### नानाखेड़ी मंडी में चोरों के हौसले बुलंद

**गुना।** शहर की नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए बदमाशों ने गुरुवार को मंडी कार्यालय के समीप ही खड़े एक ट्रक को अपना निशाना बनाया और उसमें कीमती सामान चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि यह वारदात दिनदहाड़े दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच अंजाम दी गई। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक दिलशाद खान मंडी परिसर में अपना वाहन खड़ा कर पास ही स्थित अपने घर गए हुए थे। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने ट्रक में लगी डीवीडी, जैक और लाइटों सहित अन्य उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया।

# रेत माफिया के संरक्षण में चल रहा अवैध उत्खनन

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 06 फरवरी सिवनी मालवा मेसर्स वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एल एल पी कंपनी द्वारा नर्मदापुरम-2 समूह में स्थित 34 रेत खदानों का टेंडर 85 करोड़ रुपये सालाना में शासन से रेत उत्खत्न एवं परिवहन के लिए ठेके पर लिया गया है। जिसमें नर्मदापुरम तहसील एवं सिवनी मालवा तहसील स्थित 34 रेत खदानें आती हैं।**

विगत दिनों कजलास एवं टिगारिया ग्राम में जो रेत को लेकर विवाद हुआ उसको लेकर रेत कंपनी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए घटना के बारे में बताया ।उसमे सही घटना इस प्रकार से बताई गई है कि ग्राम कजलास एवं टिगारिया में पिछले 1 वर्ष से अवैध रूप से ट्रेक्टर-ट्रॉलियों से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन गांव के कुछ तथाकथित रेत माफियाओं के द्वारा किया जा रहा था। विगत 31 जनवरी को कंपनी के कर्मचारी ग्राम कजलास एवं टिगारिया के पास मिसरोद स्थित गांव में मैन रोड से निकल रहे थे।

उस समय गांव के अवैध उतखननकर्ताओं द्वारा दो ट्रेक्टर से हमारी कंपनी की स्कॉपियो मे जोरदार टक्कर मारी। जब कंपनी के कर्मचारी गाडियो से नीचे उतरे तो ग्रामीणो ने पथराव चालू कर दिया।

# जीपीएस से लैस वाहनों से लाये प्रश्न पत्र

## चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण हुआ

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 06 फरवरी, का. फरवरी माह के पहले पखवाड़े में ही प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं के लिए शुक्रवार को परीक्षा सामग्री का वितरण जिला मुख्यालय राजगढ़ पर किया गया. जीपीएस सिस्टम से लैस वाहनों के द्वारा परीक्षा सामग्री को केन्द्राध्यक्ष लेकर पहुंचे. सामग्री को सीधे संबंधित क्षेत्र के थाना परिसर में रखा गया है.**

शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से राजगढ़ स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण प्रारंभ कर दिया गया. सामग्री में उत्तर पुस्तिका, गोपनीय सामग्री संबंधित केन्द्राध्यक्षों को प्रदान की गई.



### पूर्ण गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जा रही

बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं के संचालन में पूरी तरह गोपनीयता एवं पारदर्शिता बरती जा रही है. जिस तरह से कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच परीक्षा सामग्री को लाया गया उसी तरह परीक्षा के दौरान भी नकल रोकने कड़े इंतजाम होंगे. प्रशासन की और से तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा विभागीय स्तर पर डीईओ, बीईओ, डीपीसी, डाईट प्राचार्य, एडीपीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे.

### थानों से रवाना हुए वाहन वापस थाने आये

परीक्षा केन्द्रांतर्गत आने वाले थाना परिसर से जीपीएस से लैस वाहनों के द्वारा केन्द्राध्यक्ष राजगढ़ परीक्षा सामग्री लेने के लिए रवाना हुए. परीक्षा सामग्री लेने के बाद यह वाहन वापस थाने पहुंचे तथा वहां पर परीक्षा सामग्री को जमा किया गया. जहां कड़े पहरे में परीक्षा सामग्री रखी रहेगी. मतदान दलों की तरह ही वाहनों के द्वारा परीक्षा सामग्री लाई गई. सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लैस होने से वाहनों की समूची लोकेशन की सतत् निगरानी की जा रही थी.

# बदमाशों की बढ़ रही सक्रियता

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 6 फरवरी, बदमाशों की गतिविधियों पर कैसे लगाम लगे इस मुद्दे को लेकर सर्व दलीय बैठक रखने की दरकार, नगर में बदमाशों की गतिविधियां बरकरार हैं. इसके चलते नागरिक चिंतित हैं और परेशान भी है.**

रंगदारी लूटपाट राहजनी मारपीट छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार नगर में घट रही हैं.त्योंदा रोड पर आए दिन मारपीट की घटनाएं घटित होती रहती है. बदमाशों के हौसले बुलंद है बताया जाता है यह बदमाश राजनीतिक संरक्षण प्राप्त पालित पोषित युवा है जो नेताओं ने पाल रखे हैं.कुछ बदमाशों को विशेष दर्जा दे रखा है और पुलिस को भी हिदायत दे रखी है.यह हमारे खास है इनके विरुद्ध कभी कोई शिकायत आए तो प्रकरण कायम न करें.

सारी स्थिति से हमें अवगत कराया जाता रहे यही वजह है की इन बदमाशों पर पुलिस अंकुश नहीं लग पा रही है.ऐसा नागरिक मानते हैं और जानते भी हैं, बस स्टैंड पर बदमाशों की गतिविधियां शाम होते ही शुरू हो जाती है इन्हें भी छुटभैया नेताओं का पूरा संरक्षण मिल रहा है.यह हफ्ता वसूली भी करते हैं.इन बदमाशों से कोई पंगा नहीं लेना चाहता यही वजह है कि उनकी पुलिस में शिकायत नहीं होती क्योंकि पुलिस कार्रवाई करेगी नहीं और बुराई बदमाशों से हो जाएगी.

पुराने बस स्टैंड पर चाकू बाजी भी कई बार हो चुकी है.इसके बाद भी उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई.

### नागरिकों को करना होगा सहयोग-एसडीओपी



गंजबासौदा एसडीओपी का कहना है कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगा है.पुलिस सक्रिय है जहां से भी हमें शिकायत मिलती है.पुलिस मौके पर तुरंत पहुंचती है और तहकीकात करती है अनेक लोगों को हमने गिरफ्तार किया है.नागरिकों को भी शहर की अमन शांति के लिए सहयोग करना चाहिए.

## फर्जी वसीयत का आरोप

**ललितपुर.** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद अयाज उर्फ बब्लू ने रिश्तेदारों पर करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्तियों को हड़पने के लिए फर्जी वसीयत तैयार करने का आरोप लगाया है. मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने और पुलिस जांच कराए जाने की मांग की गई है. शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके चाचा स्व. अब्दुल रसीद विदेशों में कार्यरत एक योग्य मैनेजमेंट प्रोफेशनल थे, जिन्होंने ललितपुर और मुंबई में कई चल-अचल संपत्तियां अर्जित की थीं. संपत्तियों की देखरेख के लिए उन्होंने वर्ष 1985 में मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद जलील को मुख्तारनामा देकर केयरटेकर नियुक्त किया था. स्व. अब्दुल रसीद ने मुंबई में पंजीकृत वसीयत के माध्यम से समस्त संपत्ति पत्नी और बेटी के नाम कर दी थी.



# विधायक को मांग पत्र सौंपा

नवभारत न्यूज

**सागर 6 फरवरी. राजीव नगर वार्ड स्थित बड़ी नदी क्षेत्र के निवासियों ने विधायक शैलेंद्र जैन के निवास पर पहुंचकर अपनी विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित एक मांग-पत्र सौंपा.**

मांग-पत्र में बताय कि बड़ी नदी के पास स्थित सामुदायिक भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण उसका उपयोग करना जोखिमपूर्ण हो गया है, भवन के शीघ्र पुनर्निर्माण की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने वहां स्थायी पेयजल व्यवस्था किए जाने की भी मांग रखी.

विधायक श्री जैन ने आश्वस्त किया कि वे स्वयं निर्माण स्थल का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का अवलोकन करेंगे.

**प्रदर्शन** | आमला बोरदेही मार्ग पर किया चक्काजाम, दो घंटे तक थमे रहे वाहनों के पहिए

# लादी-सारणी सड़क निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

**आमला। लगभग तीन वर्ष पहले लादी सारणी सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने वनग्राम लादी के समीप भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन करवाकर पी.डब्लू.डी. भूल गया। सड़क का निर्माण अधर में लटक गया।**

ग्रामीण आवेदन निवेदन करते रहे, जिला मुख्यालय पर भी गुहार लगाई पर नतीजा सिफर निकला। शुक्रवार ग्रामीणों के सब्र का बांध फूट गया और 5 सैकड़ा से अधिक ग्रामीण सड़क पर आ गए। आमला बोरदेही मार्ग जाम कर दिया गया, वाहनों के पहिए थम गए। एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण ग्राम रतेडाकला के समीप सड़क पर बैठकर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रशासन हरकत में आया, एस.डी.एम. सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया गया, प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच लंबी चर्चा हुई आश्वासन दिए गए, निर्माण से जुडे कागज पत्तर दिखाए गए उसके बाद प्रदर्शनकारी मार्ग से हटे और वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रतेड़ाकला लादी भाण्डावाडी, बिच्छुखान, राशिढाना, देवपिपरिया, जमदेहीखुर्द, सुरनादेही, कुण्डारा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों ने आज प्रशासन की

### प्रशासन ने दिया आश्वासन

एस.डी.एम. शैलेन्द्र बडोनिया, तहसीलदार शत्रुघ्न चौहान, नायब तहसीलदार रीचा कौरव, वनपरिक्षत्र अधिकारी नानकराम कुशवाह, लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ., उपयंत्री, थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने मौके पर पंहुचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और सड़क निर्माण की मांग को जल्द से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

## ओबीसी महासभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**पलेरा।** ओबीसी महासभा ने नारेबाजी करते हुए ज्ञापन देकर अपनी मांगें पूरी करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर उन्होनें आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्राम पंचायत आलमपुरा के मुख्य मार्ग से परा पंचायत तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत शीघ्र स्वीकृत की जाए ग्रामीण राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है तुरंत संज्ञान में लेकर मांग अनुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की है। 15 कार्य दिवस के अंदर सड़क स्वीकृत नहीं होती है तो उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।